3 korba-pg1_Layout 1 1/3/2024 11:38 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पाली थाने में एसपी ने लगाई चौपाल, 6 मामलों का मौके पर ही हुआ निदान



## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**कोरबा।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी द्वारा कोरबा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर आमजनो को पहुँचाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक राज तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी उपस्थित थे। डॉ केशरी ने आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसी प्रकार उन्होंने सरडीह, बगरीडाँड़ में पीव्हीटीजी वर्ग के स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर एवं सोलवा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा की स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना का जायजा लेते हुए शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया टेस्ट, लक्षण युक्त मरीजों की टीवी स्क्रीनिंग तथा 30 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का बीपी, शुगर जांच करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

### अपात्र हितग्राहियों की आवास स्वीकृति होगी निरस्त

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अतर्गत विभिन्न कारणों से अपात्र हितग्राहियों का स्वीकृति अस्थायी रूप से निरस्त किया जाना है। इस हेतु 5 जनवरी को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में 2016-17 से 2022-23 तक 64,837 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिसमें से 50378 हितग्राहियों ने आवास का निर्माण पूर्ण कर लिया है। उक्त स्वीकृत आवास के हितग्राहियों में से विभिन्न कारणों (सरकारी नौकरी, मृत नॉमिनी नही, स्थायी पलायन) अस्थायी पलायन एवं हितग्राही की मृत्यु नॉमिनी पलायन, अन्य ऐसे हितग्राहियों की स्वीकृति अस्थायी रूप से निरस्त किया जाना है। उक्त के संबंध में हितग्राही दावा आपत्ति 05 जनवरी 2024 को सुबह 10 बजे आवास शाखा जिला पंचायत कोरबा में उपस्थिति होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### भण्डारण, वितरण, प्रदर्शन पर लगाया गया प्रतिबंध

**कोरबा।** कृषि विभाग द्वारा जिले में अमानक पाए जाने वाले कीटनाशक के भण्डारण-वितरण पर सतत रूप से कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में मेसर्स केसरी बीज भण्डार कटघोरा में कीटनाशक प्रोफेनोफॉस 40 साइपरमेथ्रिन 4 के नमूना विश्लेषण उपरांत अमानक पाए जाने पर उक्त कीटनाशक के भण्डारण वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध किया गया है। अनुज्ञापन अधिकारी (कीटनाशक) एवं उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि कीटनाशक निरीक्षक कटघोरा द्वारा मेसर्स केसरी बीज भण्डार से कीटनाशक औषधि प्रोफेनोफॉस 40 साइपरमेथ्रिन 4 के नमूना उप संचालक कषि, राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, ठेलकाडीह, राजनांदगांव में विश्लेषण हेतु भेजा गया था। उक्त कीटनाशक नमूना के विश्लेषण उपरांत अमानक पाए जाने के कारण उप संचालक कृषि ने कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले में निर्माता कंपनी सुमिल केमिकल इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के अमानक कीटनाशक औषधि प्रोफेनोफॉस 40 साइपरमेथ्रिन 4 बैच नंबर एसएच-0759 का भण्डारण, वितरण एवं प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है।

# ग्राम केसला में तैयार हो रही भगवान श्री कृष्ण की 31 फुट ऊंची प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर और रजगामार ग्राम पंचायत से 3 किलोमीटर दूर स्थित वनांचल ग्राम केसला में भगवान श्री कृष्ण की 31 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा रही है जिस पर अब तक 37 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। बालाजी वेल्फेयर सोसायटी द्वारा स्थापित की जा रही भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा का निर्माण कार्य पिछले 4 माह से जारी है। जिसके फरवरी माह में पूरा होने के साथ ही प्रतिमा के अनावरण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा।

प्रतिमा स्थापना के पूर्व ग्राम केसला में धार्मिक कार्यक्रमों का दौर 11 वर्ष पूर्व धीरे धीरे शुरु हुआ था। प्रारंभ में समिति के संस्थापक सदस्य संतोष शर्मा के द्वारा सबसे पहले 8 गाय के साथ गौशाला की शुरुआत की गई और ग्राम केसला के लोगों के बीच भागवत गीता के उपदेशों के किताबों का वितरण करने के साथ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है। धीरे धीरे गांव के लोगो ने भी गौशाला संचालन के कार्य में सहयोग देना शुरु किया। शहर के अन्य लोग भी गौशाला से जुड़ने लगे। 4 माह पूर्व समिति का पंजीयन कराकर उनका खाता खुलवाया गया और सहयोग राशि एकत्रित कर प्रतिमा के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया और सहयोग से मिलने वाली राशि को बैंक खाते में जमा कराने के साथ प्रतिमा के निर्माण कार्य में उक्त राशि का खर्च होने लगा। प्रतिमा निर्माण के लिए उड़ीसा से मूर्तिकार बुलाए गए हैं। जिनकी मजदूरी का भुगतान वहन किया जा रहा है इसके अलावा गौशाला में मौजूद 53 गायों से मिलने वाले दूध को मार्केट में बेचकर होने वाली आय का खर्च भी प्रतिमा के निर्माण में किया जा रहा है। फरवरी माह में प्रतिमा के पूर्ण होने की जानकारी बालाजी वेल्फेयर सोसायटी के द्वारा दी गई है।

### अब तक 37 लाख रुपए हो चुके हैं खर्च

**खास बातें**

- बालाजी वेल्फेयर सोसायटी करा रही है निर्माण
- गौशाला निर्माण के साथ ही 11 साल से चल रहा है प्रतिमा का निर्माण कार्य



**18 लाख का समिति ने लिया लोन**

प्रतिमा निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए संतोष शर्मा ने बताया कि प्रतिमा का निर्माण कार्य गौशाला संचालन के साथ ही शुरु किया गया है। बीते 11 वर्ष से यह कार्य भी धीरे धीरे चल रहा है। राशि की व्यवस्था के लिए उनके द्वारा बैंक से 18 लाख का लोन भी लिया गया है इसके अलावा निर्माण सामग्री सहयोग के रुप में व्यापारियों से ली गई है। साथ ही समिति के अलावा शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी आर्थिक सहयोग दिया है।

### सुराकछार कोयला खदान का मामला, श्रमिक संगठनों ने दर्ज कराई आपत्ति

# खदान बंद, उत्पादन ठप खामियाजा भुगत रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा में संचालित सुराकछार भूमिगत कोयला खदान में पिछले डेढ़ माह से कोल उत्खनन ठप्प पड़ा हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा खदान को पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं दिए जाने की वजह से कोयला उत्खनन पर रोक लगा दी गई है। खदानबंदी के बाद प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का स्थानांतरण किए जाने से कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है। अधिकांश कर्मचारी सेवानिवृत्ति के कगार पर है ऐसे में वह दूसरे स्थान में कार्य करने के इच्छुक नहीं है। उनका आरोप है कि प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है।

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के बांकीमोंगरा में संचालित सुराकछार कोयला खदान बंद होने के बाद कर्मचारियों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। सूत्रों की मानें तो एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सुराकछार खदान में कोयला उत्खनन के लिए केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल से स्वीकृति नहीं ली गई है। पूर्व में राज्य पर्यावरण विभाग से अनुमति लेकर कोयला उत्खनन किया जा रहा था। जिसके बाद केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कोयला उत्खनन पर रोक लगाने संबंधी नोटिस जारी कर दिया। राज्य पर्यावरण विभाग ने साफ कह दिया है कि केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल का नोटिस है जब तक वहां से खनन संबंधी पर्यावरण की स्वीकृति नहीं दी जाएगी कोयला खनन पर रोक लगाना होगा। उल्लेखनीय है कि खदान शुरु करने या विस्तार के दौरान भी पर्यावरण स्वीकृति लेनी होती है साथ ही जनसुनाई का भी आयोजन करना होता है। जिससे खदान से प्रभावित ग्रामों के लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके। जितने वर्षों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की जाती है, तब तक ही खनन किया जाना होता है। प्रबंधन द्वारा वर्ष 2015 से केवल राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल से स्वीकृति लेकर कोयला खनन किया जा रहा था। जिसके बाद केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल की स्वीकृति नहीं लिए जाने की वजह से राज्य पर्यावरण मंडल ने खनन पर रोक लगा दिया है। खदान में कोयला उत्खनन बंद होने के बाद खदान में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ ही मजदूरों को दूसरे खदान में स्थानांतरित किया जा रहा है जिसे लेकर श्रमिक संगठनों ने विरोध दर्ज कराना शुरु कर दिया है। हाल ही में 28 मजदूरों को रजगामार खदान भेजा गया है जबकि बाकी के मजदूरों को सिंघाली, ढेलवाडीह सहित बगदेवा खदान स्थानांतरित किया जा रहा है जिसे लेकर श्रमिक संगठन प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारियों में जुट गए हैं।

**खास बात**

- कोयला खदान के बंद होने से कर्मचारियों को स्थानांतरण की उठानी पड़ रही परेशानी




फाइल फोटो

**प्रबंधन की लापरवाही से खदान बंद**

कोयला कर्मियों का आरोप है कि खदान में रिजर्व कोयला है बावजूद इसके प्रबंधन की लापरवाही की वजह से खदान बंद हो गया है। जिसका खामियाजा कोल कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। कर्मियों को स्थानांतरण किया जा रहा है जो कर्मी जाना चाहते हैं उनका स्थानांतरण सही है पर सेवानिवृत्त के कगार पर पहुंच चुके कोल कर्मियों का स्थानांतरण सही नहीं है। **-दीपेश मिश्रा,** श्रमिक नेता एटक

**केन्द्रीय पर्यावरण मंडल से नहीं ली स्वीकृति**

जानकारी के अनुसार, आने वाले दिनों में एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ श्रमिक संगठनों के द्वारा आंदोलन किया जा सकता है। खदान बंद होने की मुख्य वजह केंद्रीय पर्यावरण मंडल से खदान संचालन के लिए अनुमति नहीं लिया जाना है। इस संबंध में श्रमिक संगठनों ने बताया कि वर्ष 2015 में पर्यावरण मंडल ने प्रबंधन को खदान संचालन के लिए अनुमति लेने को कहा था, लेकिन प्रबंधन ने केंद्र के बनाए राज्य पर्यावरण मंडल से अनुमति लेकर खदान का संचालन करने लगा। साल के अंत में केंद्रीय पर्यावरण मंडल ने बिना अनुमति के खदान संचालन नहीं होने देने का नोटिस थमाया तब प्रबंधन ने अनुमति लेने के बजाए खदान को ही बंद करना मुनासिब समझा जिसका प्रभाव कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

# अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर निगम करेगा कार्रवाई



बांस बल्ली के सहारे लगाए गए होर्डिंग्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बांस बल्ली लगाकर अवैध रूप से विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने पर निगम द्वारा नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने सर्वसंबंधितों से अपील की है कि उनके द्वारा अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग्स सहित अन्य विविध प्रचार सामग्रियों को दो दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा उन पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड के आरोपण सहित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमि पर विज्ञापन होर्डिंग लगाने के संबंध में विधिवत निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण कर निविदा में उच्चतम दर प्रस्तुत करने वाले मेमर्स जैन एडव्हर टाईजर्स टीपी नगर को टीपी नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, दर्री, सर्वमंगला नगर व बांकीमोंगरा क्षेत्र हेतु 5 वर्षीय अधिकार प्रदान किया गया है।

निगम क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक स्थल, रोड के किनारे टेंट हाउस वालों द्वारा बांस बल्ली खड़ा कर, विद्युत ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- अधिकृत विज्ञापन होर्डिंग एजेंसी के माध्यम से ही लगाए जा सकेंगे विज्ञापन
- अवैध रूप से लगाई जाने वाली होर्डिंग विज्ञापनों पर रोक लगाने की दिशा में पहल

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत



हादसे में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, जिसमें चालक की मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पलट गई। घटना में ट्रैक्टर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी का है। यहां निवासरत राजेश यादव बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे उरगा क्षेत्र से ट्रैक्टर लेकर पंडरीपानी आ रहा था। कचांदी नाला से पहले उसकी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गई और पलट गई। ट्रैक्टर के पलटने से राजेश उसकी जद में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**चुईया नाला के पास कार पेड़ से भिड़ी, दो घायल**

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत चुईया नाले के पास तेज रफ्तार कार संख्या सीजी-12 बीबी-8807 अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार पिकनिक मनाकर लौट रहे थे इस दौरान हादसा हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है जिसके द्वारा मामले की जांच की जा रही है। मामले को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से जोडकर देखने के साथ पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# परिवार के सदस्यों में ही छिड़ गई थी जंग, तीन अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोबाइल को लेकर हुई पूछताछ के बाद भतीजे ने अपने ही परिवार के चाचा सहित अन्य लोगों पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया है। मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अब तक पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के बाघमारा गांव का है। यहां निवासरत कार्तिकराम ने अपने रिश्तेदार पर ही लाठी डंडे से हमला कर दिया है। सनी ने बताया कि उसका मोबाइल चोरी हो गया था। जानकारी मिलने पर भतीजे से पूछताछ की गई इसके बाद उसने लाठी डंडे से हमला कर दिया। बचाव करने के लिए माता-पिता आए तो उन पर भी हमला किया गया। मारपीट की घटना में बुरी तरह से घायल पीड़ित का उपचार ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। इस हमले में शनिराम धनुहार 24 वर्ष पिता वीर सिंह, उसकी मां फूल बाई व उसके पिता वीर सिंह को हमले में गंभीर चोट आयी है। वीर सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है।



घरेलू विवाद पर हुई मारपीट में घायल युवक।

### 6 हजार की क्षमता वाली समितियों में 12 हजार की बंपर लिमिट

# बंपर लिमिट से धान होने लगा जाम, खरीदी बंद होने की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी की समय-सीमा शासन ने नहीं बढ़ाई है, किंतु जिला प्रशासन खरीदी की क्षमता समितियों में बढ़ा दी है, जिससे खरीदी केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित होने लगी है। 6 हजार क्विंटल की क्षमता वाली समितियों की बंफर लिमिट 12 हजार क्विंटल कर दी गई है, जिससे खरीदी केन्द्रों में धान जाम रहने की स्थिति निर्मित होने लगी है। आने वाले दिनों में कई ऐसे खरीदी केन्द्रों में धान की खरीदी बंद होने जा रही है। पूर्व से ही स्थिति खराब चल रही थी ट्रक चालकों की हड़ताल ने उठाव की व्यवस्था को और चरमरा दिया है।

जिले को इस बार 25 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। जिसके मद्देनजर सभी समितियों में खरीदी चालू है। दिसंबर माह में 15 तारीख के बाद सर्वाधिक धान की आवक हुई है। लेकिन उठाव उसकी तुलना में नहीं होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हुई। कई समिति प्रबंधकों ने विपणन विभाग को पत्र लिखकर धान उठाव किए जाने की मांग रखी। तब कहीं जाकर डीओ लेने वाले राईस मिलर्स ने अपनी गाड़ियां भेजी। 15 दिन ही तेजी से उठाव हुआ होगा उसमें भी सभी केन्द्रों से धान नहीं उठ सका होगा और ट्रक ⏭ शेष पेज 3 पर



भैमसा धान खरीदी केन्द्र में जाम पड़ा धान।

**दूरस्थ धान उपार्जन केन्द्रों में नहीं पहुंचती गाड़ियां**


जिले में कई ऐसे धान उपार्जन केन्द्र हैं जिसकी दूरिया जिला मुख्यालय से 70 से 80 किलोमीटर है। ऐसे केन्द्रों में राईस मिलर्स की गाड़ियां नियमित रूप से नहीं पहुंचने से इस केन्द्रों की स्थिति गड़बड़ा गई है। आलम यह है कि सबसे पहले दूरस्थ धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी पहले बंद होगी। कुछ केन्द्रों में तो बुधवार से ही खरीदी को बंद करने की चर्चा रही। हालांकि विपणन विभाग ने राईस मिलर्स को गाड़ियां भेजने के निर्देश दिए हैं ताकि उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाया जा सके। कई केन्द्र ऐसे हैं जहां धान को जमीन रखने की स्थिति निर्मित हो गई है। ऐसे में अगर बेमौसम बारिश होगी तो धान के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नहीं रहे ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर टॉम विल्किंसन



**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर थॉमस जेफ्री विल्किंसन उर्फ टॉम विल्किंसन अब इन दुनिया में नहीं रहे। 75 साल की उम्र में एक्टर ने अपनी आखिरी सांस ली। टॉम विल्किंसन बाफ्ता और गोल्डन ग्लोब जैसे अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। टॉम विल्किंसन के निधन की खबर सामने आने के बाद हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। उनके निधन की जानकारी उनके परिवार द्वारा जारी किए स्टेटमेंट के बाद सभी को मिली है। फैमिली के एजेंट के स्टेटमेंट में कहा गया है कि, बड़े दुख के साथ टॉम विल्किंसन का परिवार यह घोषणा कर रहा है कि 30 दिसंबर को घर पर उनका अचानक निधन हो गया। इस दौरान एक्टर की पत्नी और परिवार उनके साथ थे। हालांकि इस स्टेटमेंट में टॉम विल्किंसन के निधन का कारण नहीं बताया गया है। एक्टर के निधन की खबर ने सभी को बड़ा झटका दिया है। हॉलीवुड स्टार्स दिग्गज एक्टर टॉम विल्किंसन के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जाहिर कर रहे हैं। डेड इन ए वीक से उनके को-स्टाक एन्यूरिन बरनार्ड ने ट्वीट करते हुए दुख जाहिर किया है। वह लिखते हैं कि टॉम विल्किंसन के निधन की खबर से उन्हें काफी दुख पहुंचा है। एक्टर ने आगे अपने पोस्ट में लिखा कि टॉम विल्किंसन के साथ काम करके और उन्हें जानते हुए काफी अच्छा वक्त गुजरा। हमारे शानदार लीजेंड्स में से एक, जिसे हम अलविदा कहते हैं।अभी के लिए अलविदा टॉम।

### टॉलीवुड

## लिट्टी चोखा से पहले दूध बेचता था ये भोजपुरी स्टार



**मुंबई।** खेसारी लाल यादव आज भले ही एक चमकते हुए सितारे हैं लेकिन जिंदगी में परेशानियां उन्होंने बहुत झेली हैं। आज के दौर में उनकी गिनती इंडस्ट्री के महंगे सितारों में होती है। एक शो पर उन्होंने बताया था कि एक्टिंग से पहले वो लिट्टी चोखा बेचते थे। लेकिन, क्या आपको पता है कि खेसारी इससे पहले क्या काम करते थे। कपिल शर्मा शो पर उन्होंने खुलासा किया था कि वो बचपन में लिट्टी चोखा बेचा करते थे।इस बात का जिक्र उन्होंने तब किया जब कपिल शर्मा ने शो के दौरान उनसे पूछ डाला कि क्या वो लिट्टी चोखा बेचते थे? इसपर जवाब देते हुए उन्होंने पहले हामी भरी फिर बताया कि उससे भी पहले वो दूध बेचने का काम करते थे। खेसारी यादव ने बताया कि जब वो छोटे थे तब भैंस का दूध बेचते थे। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी बात बताई जो सुनकर सबके होश उड़ गए। उन्होंने कहा कि दूध में वो दो पाव पानी मिलाते थे, क्योंकि वो दूध के पैसे में से 10 रुपए चुरा लिया करते थे। कपिल ने जब उनसे पूछा कि वो पानी वाली दूध बेचते थे? तो उन्होंने कहा कि उस वक्त उनके लिए 10 रुपए की कीमत बहुत थी।10 का नोट लेकर वो भादो के मेले में जलेबी खाने जाया करते थे। शो पर खेसारी के साथ मौजूद निरहुआ भी थे। उन्होंने इस बात पर कहा कि दूध बेचने वाला इनका एक और किस्सा है जो बेहद मजेदार है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक बार खेसारी दूध बेचने जा रहे थे, रास्ते में उन्हें याद आया कि उन्होंने पानी नहीं मिलाया।

### भोजपुरी

## आज रिलीज होगा 'सैंधव' का ट्रेलर, नया पोस्टर जारी



**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती अपनी नई फिल्म 'सैंधव' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म के जरिए एक्शन से भरपूर अवतार के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गए हैं। दर्शकों के बीच फिल्म के क्रेज देखने को मिल रहा है। अक्तूबर 2023 को निर्माताओं ने फिल्म का पवार-पैक टीजर जारी किया था, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों को फिल्म के दमदार ट्रेलर का इंतजार है। हालांकि, जल्द ही फैंस के इस इंतजार पर विराम लगने वाला है, क्योंकि ट्रेलर की रिलीज की तारीख का खुलासा हो गया है। फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया कि 'सैंधव' का ट्रेलर तीन जनवरी को आएगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने वेंकी और बेबी सारा का एक प्यारा पोस्टर लॉन्च किया। इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सैलेश कोलानू ने किया है और यह फिल्म पिता-बेटी के रिश्ते और बॉन्डिंग पर आधारित है। इससे पहले टीजर में वेंकटेश को एक दयालु पिता और एक क्रूर व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उनकी सबसे बड़ी कार्टेल डील को पूरा करने से रोकने के मिशन पर थे। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी सैंधव से अपना तेलुगु डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह नकारात्मक किरदार में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने खलनायक 'विकास मलिक' के रूप में अभिनेता का बहुप्रतीक्षित पोस्टर जारी किया था और लिखा था, 'टीम सैंधव राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है और उन्हें डरावने रूप में पेश करती है। 'सैंधव' एक अखिल भारतीय एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें वेंकटेश मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निहारिका एंटरटेनमेंट बैनर के तले वेंकट बयानापल्ली द्वारा निर्मित है। संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया गया है। फिल्म में वेंकटेश और नवाजुद्दीन के अलावा बेबी सारा, आर्य, श्रद्धा श्रीनाथ, रूहानी शर्मा, एंड्रिया जेरेमिया, जिशु सेन गुप्ता और मुकेश ऋषि भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 13 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**देश के भीतर दुल्हन के श्रृंगार से जुड़ा बहुचर्चित शो ब्राइडल एशिया मुंबई (बीए मुंबई) अगले महीने 4 व 5 फरवरी को मुंबई में होने जा रहा है। अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी, ब्राइडल एशिया आपके लिए दुल्हनों के आभूषण और सहायक उपकरण का चुनिंदा संग्रह लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में दुनिया भर से डिजाइनर और फैशन विशेषज्ञ भी पहुंचते हैं। फिलहाल इस मेगा इवेंट की तैयारियां जोरों पर है।**




## लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होने देखें इन अभिनेत्रियों के लुक्स






लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं।

अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

**सोनम बाजवा:** अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

**जैस्मिन भसीन:** इस तरह का शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**सरगुन मेहता:** अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन का ये लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें।

**श्रद्धा आर्या:** अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

**शहनाज गिल:** अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

## सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करें



सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का

## बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद



ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है। बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें। मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

## टीनएजर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन, एक्सपर्ट के बताए तरीके को करें फॉलो



टीनएजर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं। टीनएजर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

## सटल लुक के लिए अपनी वार्डरोब में शामिल करें साड़ी डिजाइंस



साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।

**बॉर्डर वर्क साड़ी :** सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।


**मिरर वर्क साड़ी:** मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए।

### कार्नर न्यूज


### फैशन के नाम पर अजीबो-गरीब चलन जोरों पर

# 'उल्टे' चश्मे से लेकर 'फटी' जींस-स्वेटर तक, जिन फैशनेबल चीजों का उड़ा मजाक वो बिकी सोने के भाव

*हाल के बरसों में कुछ अजीबो-गरीब फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले। बड़े-बड़े ब्रांड ने इस साल के फैशन ट्रेंड्स को ट्राय किया। कई मास्क अपने डिजाइन और दाम के कारण प्रसिद्ध हुए। कुछ ड्रेस, चश्मे आदि वियर्ड फैशनेबल आइटम्स इंटरनेट पर चर्चा में रहे जिनको बेचकर कंपनी ने लाखों की कमाई की।*



**उल्टा चश्मा :** हर साल चश्मे कई स्टाइल और डिजाइन के आधार पर आते हैं। चश्मा पहनने वाला अपनी पसंद के आधार पर इनको चूज करता है। लेकिन इस साल एक अलग प्रकार का चश्मा मार्केट में आया है। इसका नाम इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज बताया गया। यह देखने में उल्टे चश्मे की तरह दिखाई दे रहा था। इसी वजह से ये सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। विश्व के चर्चित फैशन ब्रांड गूची ने इनवर्टेड कैट आइ ग्लासेज को लॉन्च किया था। इसके डिजाइन और कीमत दोनों ने ही लोगों को चौंका दिया।






**'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स :** कोरोना काल में सोने का मास्क देखने को मिला। मगर साल खत्म होते-होते हमने सोने का बना हेडफोन भी देख लिया। इसको लेकर भी खूब बातें चलीं। हम अधिकतर प्लास्टिक या मैटल से बने हेडफोन्स का ही प्रयोग करते हैं। हमने ऐसे ही हेडफोन देखे हैं। लेकिन जब 'प्योर गोल्ड' हेडफोन्स बिकने लगे तो इस बात ने भी सबको शॉक्ड कर दिया।

**दाग लगी गंदी जींस :** कभी घास पर फिस कर गिरे होंगे तो आपको उसका दाग याद होगा! ऐसे दाग वाली एक जींस मार्केट में बिकने लगी। इस दाग लगी गंदी जींस को देखकर कई लोग सोच में पड़ गए, भला कौन ऐसी जींस को खरीदना पसंद करेगा। दरअसल, लग्जरी फैशन ब्रांड गुची ने अपना विंटर कलेक्शन लॉन्च किया। उसमें इस दाग वाली जींस को भी शामिल किया।

**फटा हुआ स्वेटर :** फैशन की दुनिया में आए दिन कुछ न कुछ एक्सपेरिमेंट होते रहते हैं। ऐसी ही चीजें हमारे ध्यान को आकर्षित करती हैं। हाल ही में सर्दी से बचाने के लिए फटा हुआ स्वेटर बिकने लगा। लोग इस स्वेटर के डिजाइन को देखकर सोच में पड़ गए। लोग पूछने लगे- भाई ये क्या बिक रहा है। सोशल मीडिया पर इस स्वेटर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचने का काम किया। इस आउटफिट को विश्वविख्यात फैशन ब्रांड जारा ने विंटर में लॉन्च किया है।

## खबर संक्षेप



### बोईदा में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**हरदीबाजार।** ग्राम बोईदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विशेष सात दिवसीय शिविर प्राथमिक माध्यमिक प्रांगण मुरली में आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि उत्तम पटेल जनपद प्रतिनिधि व भाजपा नेता, अध्यक्षता राजमती दशरथ कंवर, विशिष्ट अतिथि लखन लाल बंजारे प्राचार्य, विदेशी सिंह कंवर, होरीलाल पाटले, संकुल समन्वयक, मुख्य अतिथि उत्तम पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वयंसेवक आरती पटेल,पुष्पा पटेल,महेश्वरी पटेल, कुमारी पोतें, जानकी कंवर, विद्या कुमारी,अनीषा पटेल, ज्योति,लक्षन,सोनिया,भावना, महिमा, स्नेहा,रजनी, राजकुमारी मरावी, आरती, अवधा, चंचल तनिषा, चांदनी, मंजूषा, धनेश्वरी, जागेश्वरी, पूजा पोतें, नंदनी ओग्रे, रीतु पटेल, संतोषी, अंजली कंवर, दुर्गा पटेल,महिमा कुर्रे, प्रीति बघेल, आयुष कुमार, नंदकुमार, विवेक कुमार, आकाश कुमार, जितेंद्र कुमार केंवट, सुनील कुमार, सौरभ पटेल शामिल रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को विधायक ने किया पुरुस्कृत



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत बम्हनीकोना में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल थे। विधायक श्री पटेल ने कहा कि कबड्डी जितना रोमांच से भरा खेल है उतना ही खिलाड़ीयों को सावधानी, एकाग्रता, स्फूर्ति के साथ खेलने का खेल है, खेल से स्वस्थ मन, स्वस्थ तन रहता है। विशिष्ट अतिथि के रुप में जनपद सदस्य श्रीमती भवानी राजेश राठौर एवं सरपंच घनश्याम नेटी, सचिव सीताराम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर दुष्यंत शर्मा, दिलीप पटेल, रघुराज सिंह, मन्नू(सांई) राठौर, जमुना यादव, शिवलाल यादव, छोटेलाल पटेल, उप सरपंच बिसाहू राज, गंगाराम एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कबड्डी प्रतियोगिता में तिलैया प्रथम रहा जिन्हें विधायक ने 10 हजार रुपये एवं शील्ड प्रदान किए। द्वितीय पुरुस्कार बतारी 7 हजार रुपए एवं शील्ड जनपद सदस्य भवानी राजेश राठौर ने पुरुस्कृत किया। तीसरा स्थान बम्हनीकोना रही। जिन्हें पंचायत की ओर से 5 हजार एवं शील्ड से नवाजा गया।

### स्थापना दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**कोरबा।** 5 जनवरी पतंजलि योगपीठ तथा दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के 29वें एवं भारत स्वाभिमान न्यास के 15वें स्थापना दिवस पर स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद, योग, रक्त शर्करा जांच तथा अस्थि खनिज घनत्व , जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 5 जनवरी को पतंजलि युवा भारत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका रोड कोरबा में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री विधायक लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 11 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित हजारों रोगियों की चिकित्सा का प्रत्यक्ष प्रायोगिक अनुभव रखने वाले पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश प्रांत, बनारस-सोनभद्र के अनुभवी ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.देवब्रत यादव अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे।

## निधन

### शिवेंद्र नाथ भौमिक



**कोरबा।** रायपुर निवासी व सीएसपीजीसीएल कोरबा के रिटायर्ड अकाउंट ऑफिसर शिवेंद्र नाथ भौमिक 90 वर्ष का निधन बुधवार की शाम 6 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार नया रायपुर स्थित मुक्तिधाम में 4 जनवरी की सुबह 12 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं।

### श्रीमती रुक्मणि देवी श्रीवास्तव



**कोरबा।** पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहीं रूकमणि देवी श्रीवास्तव 89 वर्ष का 2 जनवरी को दुखद निधन हो गया। बुधवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार धर्मजयगढ के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती श्रीवास्तव स्व मोहनलाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी, स्व प्रदीप श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव की मां थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गई हैं।

### कार्यवाही के अभाव में सड़क पर व्यवसायिक सामान रखने वालों के हौसले बुलंद

# रोजाना बस स्टैंड पर लग रहा जाम नोटिस थमाकर प्रशासन है खामोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के बाहर अतिक्रमण करने की वजह से सड़क पर आयदिन जाम की स्थिति बनी रखती है जिसकी वजह से आने जाने वाले आम राहगीरों को भारी समस्या से जूझना पड़ता है। इस समस्या को लेकर प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया, जिसके बाद कटघोरा नगर प्रशासन द्वारा सभी दुकानदारों को नोटिस थमाया तो गया लेकिन दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के अतिक्रमण के बाहर के शेड तो हटाये गए लेकिन दुकान के बाहर अभी समानों को डिस्प्ले कर रखा गया है। स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है लेकिन कटघोरा नगर पालिका द्वारा व राजस्व विभाग द्वारा अभी इस पर कोई बड़ी कार्यवाही नही की जा सकी है। जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।




मुख्य मार्ग पर इस तरह लगता है जाम।

जब इस विषय पर नगर पालिका के सीएमओ व अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराया गया तो उन्होंने जल्द कार्यवाही किये जाने की बात कही। बतादें की नगर पालिका द्वारा नोटिस दिए जाने की समय सीमा पूर्ण होने के बाद कार्यवाही न करना, कहीं न कहीं नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। कटघोरा का बस स्टैंड सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड होने के साथ साथ बिलासपुर से अम्बिकापुर जाने के नेशनल हाइवे 130 में कटघोरा नगर एक स्टे पॉइंट रहता है। यहां सभी बसे रुकती है जिसके तहत यह बस स्टैंड दिन भर व्यस्त रहता है। लेकिन बस स्टैंड के दोनों मुख्य द्वार पर गुमटी व ठेलों ने अपनी जगह बना रखी है। जिसके तहत बस के बस स्टैंड भीतर घुसने व बाहर निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। और उसी दौरान जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही मुख्यमार्ग पर दुकानदारों ने अपने फ्लेक्स होर्डिंग को सड़क किनारे व दुकान के सामानों को रखने से बाकी बची जगह खाली नही रहने से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहन को सड़क किनारे ही खड़ा कर दिया जाता है जिसकी वजह से बस स्टैंड में दिनभर में 5 से 6 बार जाम लगता रहता है। जिससे आम राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नगर के मुख्य चौराहे पर ठेला, खुमचियों द्वारा अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया गया हैं। जिसकी वजह से चौराहे पर भी भारी वाहनों का दबाव रहने से बड़ी दुर्घटना की होने की आशंका बनी रहती है। अब देखने वाली बात है कि नगर पालिका प्रशासन इन दुकानदारों के अतिक्रमण पर कब तक कार्यवाही करती है या केवल नोटिस थमाकर खानापूर्ति ही केवल करती है।

## माय सिकल एप की मदद से खुद की केयर कर सकेंगे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना आर्मो के मार्गदर्शन में एक्सपर्ट की टीम ने माय सिकल एप तैयार किया है। जिसकी मदद से सिकलसेल के मरीज अब खुद की देखभाल कर सकेंगे। यह एप कुल 5 भाषाओं में उलब्ध है। जिसमें सिकल सेल बीमारी से संबंधित सभी जानकारियां दी गई है।

**खास बात**

- मितानिन, नर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मी ऐप का कर सकेंगे उपयोग

इस एप को गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। सिकल रोग आनुवांशिक बीमारी है जो माता-पिता से बच्चों को मिलती है। सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर समस्या है। राज्य के सभी बड़े चिकित्सा संस्थानों में सिकल सेल जांच और इलाज की निःशुल्क सुविधा होने के बाद भी जागरूकता की कमी से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है, यही वजह है कि सिकल सेल के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीमारी में हीमोग्लोबिन की संरचना बिगड़ जाती है, जिस वजह से लाल रक्त कणिकाएं सिकल या हंसिए के आकार का होने के बाद जल्दी टूट जाते हैं और आपस में चिपक कर डल्ले बना कर रक्त नलिकाओं को बंद कर देते हैं। ऐसा होने से विभिन्न अंगों में खून का बहाव बंद हो जाता है और मरीज को तेज दर्द का अहसास होता है। सिकल सेल एनीमिया दो तरह के होते हैं। पहला होमोजाइगस यानी सिकल सेल रोग या बड़ा सिकल जिसमें माता-पिता से मिले दोनों जीन सिकल पीड़ित होते हैं। दूसरा हेटेरोजाइगस यानी सिकल वाहक या छोटा सिकल जिसमें माता-पिता से मिले दो में से कोई एक ही जीन सिकल पीड़ित होता है। एप को अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने बनाया है। इसमें सिकल संबंधी लगभग सभी जानकारियां आसान भाषा में दी गई है। सिकल पीड़ित व्यक्ति स्वयं की देखभाल के लिए एप का उपयोग आसानी से कर सकते है। सिकल मरीज की देखभाल करने वाले परिजन, मितानिन, नर्सिंग स्टॉफ व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी भी इस एप का उपयोग कर सकते हैं।

## समर्थकों ने मनाया विधायक प्रेमचंद का जन्मदिन



विधायक पटेल का महामाला से स्वागत करते समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

भारतीय जनता पार्टी बांकी मोंगरा मंडल द्वारा प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा के 50वें जन्मोत्सव के अवसर पर बांकीमोंगरा के हृदय स्थल बजरंग चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा प्रेमचंद पटेल का महामाला से भव्य स्वागत वंदन अभिनंदन करते हुए केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालक मंडल के पूर्व अध्यक्ष अजीत केंवट ने किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री हनुमान पांडे पूर्व मंडल मंत्री लाखू शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव एवं मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष उदय शर्मा सुधार साय, डॉ जेपी चंद्रा, राधेश्याम अग्रवाल, भागवत विश्वकर्मा, पार्षद कमल बरेठ, सैल राठौर, प्रभावती चौहान, रविंद्र अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, मंडल महामंत्री मनीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिट एंड रन कानून को बताया अधिवक्ता भारती ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

हिट एंड रन कानून में संसोधन के बारे में कटघोरा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता शिव शकंर भारती ने विस्तार से बताया है। नए कानून पर बनी भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि धबराएं नहीं, हादसे की सूचना देने पर कार्रवाई नहीं होगी। पुलिस, मजिस्ट्रेट या कंट्रोल रूम में सूचना दे सकते हैं तो उसे न तो जेल जाना पड़ेगा और न ही जुर्माना देना पड़ेगा।

अधिवक्ता श्री भारती ने बताया कि पहले हादसे के बाद वाहन चालक पर आईपीसी की धारा 304 (ए) के तहत कार्रवाई होती थी। इसके तहत हादसे में यदि किसी की मौत हो जाती है तो चालक को दो साल की सजा व जुर्माने की सजा थी। नए कानून में धारा 304 (ए) को 106(1) व 106(2) में तब्दील कर दिया गया है। आईपीसी की धारा 106(1) के तहत यदि कोई दुर्घटना करता है तो उसे पांच साल जेल और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं आईपीसी की धारा 106(2) के तहत यदि दुर्घटना की सूचना नहीं देता है तो उसे अधिकतम 10 साल की कैद और मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकतम 50 हज़ार तक के जुर्माने की सजा देने का प्रावधान है। आईपीसी 106(2) में यह राहत भी दी गई है कि दुर्घटना के बाद यदि इसकी सूचना स्थानीय पुलिस, मजिस्ट्रेट को देता है तो यह धारा उस पर लागू नहीं होगी। इससे उसे न तो जेल जाना पड़ेगा और न ही जुर्माना भरना पड़ेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन

**कोरबा।** जिले में संचालित कक्षा 12वीं से उच्चतर के समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा सत्र 2023-24 अंतर्गत ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण का कार्य जारी है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना, जिला स्तरीय कार्यशाला कल

**कोरबा।** पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक 18 प्रकार के शिल्पकारों एवं कारीगरों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित शिल्पकारों/कारीगरों के संघ पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को योजना से संबंधित अधिकारियो-कर्मचारियों के साथ कार्यशाला में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## सतत आजीविका के लिए सीएसआर के तहत दोना पत्तल मशीन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के सहयोग से एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत आजीविका हेतु नराईबोध के महिमा स्व सहायता समूह को दोना पत्तल मशीन प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर ऊर्जाधानी संगठन के पदाधिकारी, एसईसीएल गेवरा के सीएसआर अधिकारी सहित महिमा स्व सहायता समूह की सदस्य उपस्थित थे। उद्घाटन के अवसर पर सपूरन कुलदीप ने महिला समूह का उत्साह वर्धन करते हुए कहा, समाज की आधी आबादी सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से शोषण की शिकार होते रही है। स्वयं सहायता समूह महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम है। आज महिलाएं समाज में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। आद्योगिक संस्थानों के कारण विस्थापन की समस्या से जूझने वाले परिवारों को अपने जीवन यापन के लिए स्वरोजगार की आवश्यकता है एसईसीएल के सीएसआर में पर्याप्त फंड होने के बावजूद इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। शासन की रोजगार विहीन आद्योगिक विकास के दौर में स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने की सोच को बढ़ाना होगा इसलिए संगठन लगातार प्रयास कर रही है। सुरेश चौधरी ने कहा एसईसीएल सरकार की एक संस्था है। मशीनीकरण के कारण रोजगार के नए अवसरों में कमी आ रही है जिसे ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है एसईसीएल अपने सीएसआर के तहत कौशल उन्नयन और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है इसके लिए युवाओं और महिलाओं को आगे आने पर हर सम्भव मदद किया जाएगा। इस अवसर पर विजय पाल सिंह तंवर (ठाकुर) रुद्र दास महंत, दीपक यादव अनसुईया राठौर, ललित महिलांगे, जगदीश पटेल, सन्तोष चौहान, सतीश चंद्रा निरतुला यादव, संपत बाई, गंगा, बृज यादव, गायत्री, रमिला, अहिल्या यादव, हिरोंदिया, पिंकी पटेल रामा, सविता, गीता, सरिता जमादार, मनहरण दास, राकेश पटेल, मुरली मनोहर, जयकिशन, विनोद चौहान, कुश बंजारा, सुनील यादव सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।




दोनापत्तल मशीन का वितरण के दौरान हितग्राही।

## भाजयुमो ने विधायक पटेल का मनाया जन्मदिन



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज धुरवा के निवास प्रागंण में कटघोरा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रेमचंद पटेल का जन्मदिवस बजरंग यादव, नरेन्द अहीर, धनंजय बिट्टू धुरवा के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास एवं आतिशबाजी के साथ केक काटकर मुंह मीठा करा कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल हरदी बाजार के सभी पदाधिकारी कार्यकर्तागण विशेष रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानी , छोटे लाल पटेल, दुर्गेश कश्यप, रघुराज ऊईके, छतलाल यादव, कृष्णा पटेल, रामेश्वर यादव, सरोज, प्रहलाद,निखिल राठौर, परमेश्वर निर्मलकर, रमेश राठौर, लोकेश्वर कंवर, आदित्य कंवर ,आशुतोष बंजारे, निखिल डहरिया , राहुल यादव, राकेश राज, बबला मरकाम, दुर्गेश प्रजापति, फिरतु यादव, कमलेश पटेल, जितेन्द्र यादव, संदीप चौहान, राजु निर्मलकर, निलेश निर्मलकर, दीपक पाण्डेय, छोटू मरकाम, भोला यादव, वैभव, नव्या, मयंक, मिठ्ठी, पार्थ, प्रतीक, हर्ष एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दमखांचा में गौरी गौरा कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दमखांचा में गौरा गौरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि लक्ष्मीन बाई कंवर जनपद सदस्य,श्रीमती सरिता कंवर सरपंच ग्राम पंचायत दमखांचा,रामेश्वरी कंवर पूर्व सरपंच उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का फूल वाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात ग्रामवासियों के साथ शंकर भगवान के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। यह गौरा गौरी कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गावों के श्रद्धालु जन पहुंचे थे। मादर झान के धुन से गौरी गौरा का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में रथ सिंह कंवर,देवानंद कंवर, धरम सिंह सिदार, मोहन सिंह कंवर, कन्हैया कंवर,अमर सिंह,रामचरण ,अमृत लाल यादव आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध विज्ञापन होर्डिंग...

खंभों पर, सार्वजनिक स्थानों पर, असुरक्षित ढंग से विज्ञापन बोर्ड होर्डिंग, वाल पेंटिंग, बैनर पोस्टर इत्यादि के माध्यम से अवैध रूप से विज्ञापन सामग्री लगाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन हैं तथा अवैध रूप से विज्ञापन को बढ़ावा देने एवं होर्डिग का अवैध प्रदर्शन किये जाने का कृत्य अधिनियम की धारा 248 के निबंधनों के अंतर्गत अपराध है और धारा 434 के निबंधन में दण्डनीय है। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा है कि प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए बांस बल्ली होर्डिंग, वाल पेंटिंग, बैनर पोस्टर आदि विज्ञापन सामग्रियों को दो दिवस के अंदर हटा लें, अन्यथा इस प्रकार का कृत्य करते हुए पाये जाने पर अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप अर्थदण्ड सहित पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

### बंफर लिमिट...

चालकों की हड़ताल शुरू हो गई। तीन दिन लगातार ट्रक चालकों की हड़ताल से कोई गाड़ियां समितियों में धान उठाव के लिए नहीं पहुंची, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की लिमिट को बढ़ा दिए जाने से समितियों के ऊपर धान खरीदी करने का दबाव बढ़ा और नए साल के दो जनवरी तक समितियों में धान रखने की स्थिति नहीं है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि अगर दो दिन में तेजी से धान उठाव की प्रक्रिया नहीं शुरू की गई तो खरीदी बंद करने का निर्णय लेना पड़ेगा। इधर यह बताना आवश्यक होगा कि राईस मिलर्स विपणन विभाग से डीओ तो ले रहे हैं, लेकिन धान उठाव के लिए अपनी गाड़ियां नियमित रूप से नहीं भेज रहे हैं।

## सावित्री बाई फुले दिवस पर छग विज्ञान सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा वैज्ञानिक चेतना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्था है। यह संस्था लोक विज्ञान पर्यावरण सुधार संतुलित विकास के लिए जागरूकता के सतत प्रयास कर रही है। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले दिवस के अवसर पर ग्राम चुईया व दर्री क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम चुइया बैगा पारा में लोकेश राज चौहान द्वारा ग्राम के युवकों व बच्चों को पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी दी गई। रुख मितान चिरई मितान और सर्प मितान बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इससे वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें। ग्राम चुइया में कार्यक्रम का संयोजन ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण समिति की संयोजक मितानिन शर्मिला भार्या, श्री भास्कर, एसएफसी आरोग्य प्रोजेक्ट द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के युवा कार्यकर्ता लोकेश राज,चौहान सागर साहू, रुखसार खातून, नंदिनी गुप्ता और युवा कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

3 korba-pg4_Layout 1 1/3/2024 11:29 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मचारी संघ के खूंटे अध्यक्ष, शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष



**कोरबा।** पिछले दिनों बिजली कर्मचारी संघ कोरबा पूर्व की बैठक हुई। जिसमें श्यामसुंदर खूंटे को अध्यक्ष, आशीष शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष व संदीप राठौर को सचिव बनाया गया। बैठक में भामसं के राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, नवरतन बरेठ, पूर्णिमा साहू, मदन मोहन पांडेय सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। संदीप राठौर व श्यामसुंदर खूंटे काफी लंबे समय से संगठन का काम कर रहे हैं। संगठन को मजबूती प्रदान करने पर इन्हें दायित्व दिया गया है।

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, पीएम जनमन योजना प्रचार रथ रवाना

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिले में पीएम जनमन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रथ के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को जागरूक करने एवं उन्हें योजनाओ से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रचार रथ के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी लेते हुए पीएम जनमन योजना के ब्रोसर, पुस्तिका, पाम्पलेट का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रचार रथ को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। जिससे हितग्राही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर लाभन्वित हो सके। सहायक आयुक्त श्री कसेर ने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों में निवासरत सभी पीव्हीटीजी बसाहटों में जाकर जनजाति लोगों के मध्य पीएम जनमन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर उन्हें जागरूक करने का कार्य करेगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज के शिविर

**कोरबा।** विगत कई दिवस से सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 4 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम पसरखेत, धौंराभाठा 10 बजे से, गेराव, बताती में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम मोहनपुर में 10 बजे से और ग्राम राल में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के सिरमिना में 10 बजे से, अटारी/कुदरीकला में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम रींवाबहार में 10 बजे से तथा कांशीपानी में 2 बजे से, विकासखंड पाली के पुलालीकला में 10 बजे से और नानपुलाली, नवापारा में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया जाएगा।

---

#### पेंशन मद में ज्यादा खर्च पर कई बार सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने जतायी है चिंता

# कोल इंडिया में काम करने वालों से ज्यादा सेवानिवृत्त कर्मचारी, पेंशन में खर्च हो जाते हैं 45 सौ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में काम करने वालों से ज्यादा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन में 45 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हो जाती है। कोल इंडिया में काम करने वालों से ज्यादा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया में सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) की रिपोर्ट के अनुसार पेंशन कर्मियों की संख्या काम करने वाले कर्मियों से डेढ़ लाख अधिक हो गयी है। कोल इंडिया में काम करने वाले स्थायी कर्मियों की संख्या एक अक्टूबर 2023 को 2 लाख 33 हजार 48 है। वहीं सेवानिवृत्त कर्मियों की संख्या 31 मार्च 2023 को 3 लाख 68 हजार 546 थी, इनको पेंशन देने के मद में हर साल करीब 45 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हो रही है। पेंशन मद में खर्च हो रही ज्यादा राशि को लेकर सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने कई बार चिंता जाहिर की है। ट्रस्टी पेंशन मद में जमा राशि को बढ़ाने को लेकर कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय पर दबाव भी बना रहा है। हाल ही में कोल इंडिया ने 10 रुपये प्रति टन की दर से पेंशन फंड में राशि देना शुरू किया है। इसके बाद फंड में करीब 4367 करोड़ रुपये बीते वित्तीय वर्ष में मिला है।



#### फंड बढ़ाना जरूरी

काम करनेवाले और पेंशनरों का गैप लंबा होता जा रहा है। करीब 35 से 40 करोड़ रुपये जमा फंड से खर्च हो रहा है। यह अच्छे संकेत नहीं है। इसको दूर करने के लिए फंड बढ़ाना जरूरी है। पेंशन फंड में 20 रुपये प्रति टन देने की बात हुई है इस पर आगे तय होगा।

**-डीडी रामानंदन,**
सदस्य, सीएमपीएफ बोर्ड ऑफ ट्रस्टी

#### 14 फीसदी जाता है पेंशन मद में

कोल इंडिया में कार्यरत कोयला कर्मियों के वेतन से 14 फीसदी पेंशन मद में जाता है। इसमें सात फीसदी कर्मी तथा सात फीसदी कोयला कंपनियों का हिस्सा होता है। यह राशि पेंशन फंड के संचालन के लिए काफी नहीं है। इस कारण कोयला बिक्री से सेस के रूप में भी राशि दी जाती है। केंद्र सरकार ने भी सीएमपीएफ के पेंशन मद में सहयोग कम कर दिया है। वित्त वर्ष 2020-21 में पेंशन निधि में 4503.46 करोड़ रुपये था। इस पर 16.69 करोड़ रुपये केंद्र सरकार का अंशदान था। वहीं 2021-22 में 4174.86 करोड़ रुपये पेंशन निधि तथा 12.96 करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने दिया था। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में मात्र 57 लाख रुपये ही इस मद में केंद्र सरकार ने दिया था।

#### सीआईएल में पेंशनर्स और पेंशन मद की स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल कोयलाकर्मी | 233048 |
| कुल पेंशनधारी | 368546 |
| एक अप्रैल 2022 को जमा राशि | 19806 करोड़ |
| वर्ष 2022-23 के दौरान पेंशन मद में कर्मियों का योगदान | 4367 |
| वर्ष 2022-23 में केंद्र से प्राप्त अंशदान | 0.57 करोड़ |
| वर्ष 2022-23 में ब्याज से प्राप्त राशि | 1548.31 करोड़ रुपये |
| वर्ष 2022-23 के दौरान भुगतान किये गये लाभ | 4689.75 |

---

# पौंसरा, ढपढप, तुमान में आयोजित हुए संकल्प यात्रा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम पौंसरा और ग्राम ढपढप में, जनपद पंचायत करतला के तुमान व ढोंढ़ातराई में, विकासखंड कोरबा के ग्राम कोलगा व सोलवां में, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दम्हामुड़ा व छिंदिया/बाबूपारा में, विकासखंड पाली के ग्राम नगोई, भादा, लोहडिया और मुढ़ाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

# पाली थाने में एसपी ने लगाई चौपाल 6 मामलों का मौके पर निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला जिले के विभिन्न थाना चौकी के निरीक्षण पर पहुंच रहे हैं और वहां चौपाल लगाकर आम जनता की फरियाद सुनने के साथ-साथ शिकायतों का मौके पर निदान कर रहे हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला पाली थाना पहुंचे जहां उन्होंने चौपाल लगाकर 6 मामलों का मौके पर निदान किया। साथ ही थाना का निरीक्षण कर थाना प्रभारी व स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



चौपाल में लोगों की समस्या सुनते एसपी।

पुलिस थाना परिसर पाली में बुधवार को पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने चौपाल लगाई। यहां जनप्रतिनिधि, जनता और फरियादियों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना और मौके पर ही उनका निराकरण किया। प्राप्त आवेदनों पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया। एसपी श्री शुक्ला ने कहा कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए बल्कि जनता के बीच जाकर मौके पर मामलों का निपटारा करें। मौका निरीक्षण मुआयना करे, सम्बन्धित का बयान, साक्ष्य, ग्रामीणों का कथन आदि जांच परीक्षण के बाद न्यायोचित कार्रवाई करें। उन्होंने थाने में बैठकर जांच करने को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि थाना सुरक्षित स्थान है। अपराधमुक्त समाज बनाने की दिशा में कार्य होना चाहिए। मामलों में किसी प्रकार का बेवजह विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी बीट प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा करें और ग्रामीणों से सतत संपर्क बनाये रखें। पुलिस का कार्य केवल पुलिसिंग नहीं बल्कि सोशल पुलिसिंग भी है।

पैसे बीमारी ठीक होने पर देना है

बढ़ती उम्र से तथा बी. पी. शुगर के कारण आई कमजोरी, टाइम ना बनना, शीघ्र पतन, धातु रोग, स्वप्न दोष,शुक्राणुओं की कमी, संतान ना होना, वैवाहिक जीवन में निराशा, लिंग में ढीलापन, पतलापन, टेढ़ापन, बचपन की गलतियां, हस्त मैथुन, डायबिटिज, गठिया वात, एलर्जी, अस्थमा, लीवर कमजोर आदि रोगों को विशेष आयुर्वेद पद्धति से ठीक किया जाता है।

मनचाहा सेक्स संबंध पूरी सफलता से प्राप्त करने हेतु एक बार अवश्य मिले

धनवन्तरी आयुर्वेदिक
नया बस स्टैण्ड के पास ब्लू डायमंड होटल के सामने, कोरबा (छ.ग.)
9922533222 समय 9 से 7 बजे

